Need to set up a Software Technology Park of India at Sandila in Misrikh Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.-laid

श्री अशोक कुमार रावत **(मिश्रिख) :** मैं सरकार का ध्यान मेरे संसदीय क्षेत्र मिश्रिख के अंतर्गत संडीला में सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क ऑफ इंडिया यानी एसटीपीआई केंद्र की स्थापना करने की ओर आकर्षित कर रहा हूँ। वर्तमान मे पूरे देश में 67 सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क सेन्टर्स की स्थापना की गई है। यह केन्द्र स्थानीय छात्रों को आईटी के क्षेत्र में काम करने को एक विकल्प प्रदान करेगा। बदलते आधुनिक समय में आईटी के क्षेत्र में मांग काफी बढ़ी है। जहाँ तक ग्रामीण क्षेत्रों में हाई स्पीड डेटा की बात है तो पूरे उत्तर प्रदेश में आई.टी. के कॉमन सर्विस सेन्टर्स फंक्शनल है। जिनमें कॉमन सर्विस सेन्टर्स ग्राम पंचायतों में है। मैं माननीय संचार, इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री जी से आग्रह करता हूँ कि मेरे संसदीय क्षेत्र मिश्रिख के संडीला में सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क ऑफ इंडिया की स्थापना की स्वीकृति देकर इसका निर्माण कार्य शुरू किया जाय, जिससे कि क्षेत्र के युवाओं को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिल सके और उत्तर प्रदेश राज्य की अर्थव्यवस्था के समग्र विकास में भी मदद मिल सके।